**GREENLAWNS HIGH SCHOOL**
**TERMINAL EXAMINATION (2025 - 2026)**
**SUBJECT : HINDI (II Language)**

**Grade: X**
**Date : 07/10/25**

**Marks : 80**
**Time : 3 hours**

---

***Answers to this paper must be written on the paper provided separately.***
***You will not be allowed to write during the first 10 minutes.***
***This time is to be spent in reading the question paper .***
***The time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answers.***

---

***This paper comprises of two sections – Section A and Section B***
***Attempt all the questions from section A.***
***Attempt any four questions from section B, answering at least one question each from the two books you have studied and any two other questions.***
***The intended marks for the questions or parts of questions are given in brackets [ ].***

---

## SECTION 'A' (40 Marks)

*Attempt all questions*

**Question 1**

Write a short composition in **Hindi** of approximately **250** words on any **one** of the following topics :- [15]

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त प्रस्ताव लिखिए :-

(i) अवकाश के क्षणों के सदुपयोग की सर्वोत्तम विधि है-अपनी रुचि अनुसार रचनात्मक कार्य (Creative work) करना। इस प्रकार अपने विचार लिखते हुए अपने किसी प्रमुख शौक (रुचि) का वर्णन कीजिए।

(ii) " पर्यटन हमारे ज्ञान और अनुभव वृद्धि में सहायक होता है।"- इस पर अपने विचार लिखते हुए किसी स्कूल-पिकनिक का वर्णन कीजिए।

(iii) आज के इस प्रगतिवादी युग में कंप्यूटर जीवन का एक आवश्यक अंग बन गया है, इसने मनुष्य के जीवन में तीव्रता और शुद्धता ला दी है-इस कथन पर अपने विचार लिखिए।

(iv) एक मौलिक कहानी लिखिए जिसका आधार निम्नलिखित उक्ति हो :-
' जो गरजते हैं, वे बरसते नहीं हैं। '

(v) नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर वर्णन कीजिए अथवा कहानी लिखिए जिसका सीधा व स्पष्ट सम्बन्ध चित्र से होना चाहिए ।




**Question 2**

Write a letter in **Hindi** in approximately **120** words on any **one** of the topics given below:

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए : [7]

(i) वाहन चालकों की असावधानी के कारण सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं का वर्णन करते हुए समाचार-पत्र के संपादक के नाम पर एक पत्र लिखिए ।

(ii) एक दिन पूर्व आपके बड़े भाई का दायाँ पैर सड़क दुर्घटना के कारण बुरी तरह जख्मी हो गया है। घटना का पूर्ण विवरण देते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए।

**Question 3**

Read the passage given below and answer in **Hindi** the questions that follow, using your own words as far as possible :-

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए । उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए ।

एक नगर में चार मित्र रहते थे । उनमें तीन बड़े वैज्ञानिक थे, किंतु बुद्धि रहित थे; चौथा वैज्ञानिक नहीं था, किंतु बुद्धिमान था। चारों ने सोचा कि विद्या का लाभ तभी हो सकता है, यदि वे विदेशों में जाकर

धन-संग्रह करें । इसी विचार से वे विदेश यात्रा को चल पड़े । कुछ दूर जाकर उनमें से सबसे बड़े ने कहा।

“हम चारों विद्वानों में एक विद्याशून्य है, वह केवल बुद्धिमान है। धनोपार्जन के लिए धनिकों की प्रसन्नता प्राप्त करने के लिए विद्या आवश्यक है। विद्या के चमत्कार से ही हम उन्हें प्रभावित कर सकते हैं। अतः हम अपने धन का कोई भी भाग इस विद्या विहीन को नहीं देंगे। वह चाहे तो घर वापस चला जाए।”

दूसरे ने इसका समर्थन किया। किंतु तीसरे ने कहा, "यह बात उचित नहीं है। बचपन से ही हम एक-दूसरे के सुख-दुख के सहभागी रहे हैं । हम जो भी धन कमाएँगे, उसमें इसका हिस्सा रहेगा। अपने-पराये की गणना छोटे दिल वालों का काम है। उदार चरित्र व्यक्तियों के लिए सारा संसार ही अपना कुटुम्ब होता है। हमें उदारता दिखलानी चाहिए ।"

उनकी बात मानकर चारों आगे चल पड़े। दूर जाकर उन्हें जंगल में एक शेर का मृत शरीर मिला। उसके अंग-प्रत्यंग बिखरे हुए थे। तीनों विद्याभिमानी युवकों ने कहा -

"आओ, हम अपनी विज्ञान की शिक्षा की परीक्षा करें। विज्ञान के प्रभाव से हम इस मृत शरीर में नया जीवन डाल सकते हैं।" यह कहकर तीनों उसकी हड्डियाँ बटोरने और बिखरे हुए अंगों को मिलाने में लग गए। एक ने अस्थिसंचय किया, दूसरे ने चर्म, माँस, रुधिर संयुक्त किया, तीसरे ने प्राणों के संचार की प्रक्रिया शुरू की । इतने में विज्ञान शिक्षा से रहित, किंतु बुद्धिमान मित्र ने उन्हें सावधान करते हुए कहा, “ जरा ठहरो ! तुम लोग अपनी विद्या के प्रभाव से शेर को जीवित कर रहे हो। यह जीवित होते ही तुम्हें मारकर खा जाएगा।"

वैज्ञानिक मित्रों ने उसकी बात को अनसुना कर दिया । तब वह बुद्धिमान बोला, "यदि तुम्हें अपनी विद्या का चमत्कार दिखलाना ही है, तो दिखलाओ। लेकिन एक क्षण ठहर जाओ, मैं वृक्ष पर चढ़ जाऊँ।" यह कहकर वह वृक्ष पर चढ़ गया। इतने में तीनों वैज्ञानिकों ने शेर को जीवित कर दिया । जीवित होते ही शेर ने तीनों पर हमला कर दिया। तीनों मारे गए।

अतः शास्त्रों में कुशल होना पर्याप्त नहीं है। लोक-व्यवहार को समझने और लोकाचार के अनुकूल काम करने की बुद्धि भी होनी चाहिए, अन्यथा लोकाचारविहीन विद्वान भी मूर्ख पंडितों की तरह उपहास के पात्र बनते हैं।

(i) नगर में रहने वाले चारों मित्र कैसे थे ? उन्होंने क्या विचार किया? [2]

(ii) उनमें से सबसे बड़े ने क्या सुझाव दिया ? [2]

(iii) उसके सुझाव के उत्तर में दूसरे तथा तीसरे ने क्या कहा ? [2]

(iv) जंगल में जाकर उन्होंने क्या देखा तथा क्या किया ? [2]

(v) इस कहानी से आपको क्या शिक्षा मिलती है ? [2]

**Question 4**

Answer the following according to the instructions given :-

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :-

i) ' जीभ ' शब्द का पर्यायवाची बताइए :- [1]

(a) जिहवा , तड़ाग

(b) जिहवा, तोय

(c) रसना , रसा

(d) रसा , जपन

ii) ' उत्कर्ष ' शब्द का विलोम बताइए :- [1]

(a) अपकर्ष

(b) इत्यादि

(c) उपकर्ष

(d) ऊसर

iii) ' बोना ' शब्द की भाववाचक संज्ञा बताइए :- [1]

(a) बुआना

(b) बुनाई

(c) बुवाई

(d) बुनावट

iv) ' भारत ' शब्द का विशेषण बताइए :- [1]

(a) भारती

(b) भारतिय

(c) भारतगण

(d) भारतीय

v) ' गड़े मुर्दे उखाड़ना ' मुहावरे का अर्थ बताइए :- [1]

(a) मुर्दों को जगाना

(b) पुरानी बातें दोहराना

(c) पुरानी बातें कहना

(d) डींगें मारना

vi) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए :- [1]

रामन को यह सुनकर आश्चर्य हुआ। ( ' आश्चर्य ' के स्थान पर ' चकित ' का प्रयोग कीजिए।)

(a) रामन को यह सुनकर चकित हुआ।

(b) यह सुनकर रामन चकित हुआ।

(c) रामन यह सुनकर चकित हुआ ।
(d) रामन सुनकर चकित हुआ ।

vii) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए :- [1]
प्रभु हमारी रक्षा करते हैं । ( ' द्वारा ' शब्द का प्रयोग कीजिए।)
(a) प्रभु द्वारा हमारी रक्षा होती हैं ।
(b) प्रभु द्वारा रक्षा होती हैं ।
(c) प्रभु द्वारा हमारी रक्षा की जाती हैं ।
(d) प्रभु द्वारा हमारी रक्षा की जाती है ।

viii) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए :- [1]
पुष्पक को गलती करने पर सज़ा मिली । ( संयुक्त वाक्य )
(a) पुष्पक ने गलती की उसे सज़ा मिली ।
(b) पुष्पक की गलती पर उसे सज़ा मिली ।
(c) पुष्पक ने गलती की और सज़ा मिली ।
(d) पुष्पक ने गलती की इसलिए उसको सज़ा मिली ।

## SECTION 'B' (40 Marks)

*Attempt **Four** questions from this Section.*

साहित्य सागर – संक्षिप्त कहानियाँ

### Question 5

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :-
निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-

बस जरा-सी उम्र में ही इसकी मौत से पहचान हो गई। मुझे अचरज हुआ, पूछा " मर गया ?"

(i) लेखक को किस बात का पर अचरज हुआ ? [2]

(ii) लेखक के मित्र उस बालक को लेकर कहाँ पहुँचे और क्यों ? [2]

(iii) वकील साहब ने उस लड़के को नौकर क्यों नहीं रखा ? समझाकर लिखिए । [3]

(iv) कहानी का अंत भावुक होने के साथ-साथ दुखांत भी है । स्पष्ट कीजिए । [3]

**Question 6**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :-
निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-

"मकान की तलाश में भटक रहा हूँ। शहर में चक्कर काट-काट कर जूते घिस गए। निराश होकर जब थक गया तब साल भर बाद मकान के नाम पर सिर छिपाने के लिए गली के अंदर यह छत मिली है।"

(i) उपर्युक्त कथन का संदर्भ लिखिए। [2]

(ii) वक्ता कौन है ? उनका परिचय लिखिए। [2]

(iii) भीड़ में खोया आदमी शीर्षक की सार्थकता सिद्ध कीजिए। [3]

*(iv)* मित्र ने जनसंख्या के विषय में क्या टिप्पणी की और क्यों? [3]

**Question 7**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :-
निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-

'बूढ़ा सियार फिर बोला, "भाइयो और बहनो, मैं भेड़िया सन्त से अपने मुखारविंद से आपको प्रेम और दया का सन्देश देने की प्रार्थना करता पर प्रेमवश उनका हृदय भर आया है। वे गद्गद हो गए हैं और भावातिरेक से उनका कण्ठ अवरुद्ध हो गया है। वे बोल नहीं सकते। अब आप इन तीनों रंगीन प्राणियों को देखिए।

i) बूढ़ा सियार किसको सम्बोधित कर रहा है? उसने उनसे क्या कहा? [2]

ii) 'वे बोल नहीं सकते' इस वाक्य से क्या तात्पर्य है ? न बोलने का क्या कारण बताया गया ? अपने शब्दों में लिखिए। [2]

iii) 'रंगीन प्राणी' कौन थे? उनके विषय में बूढ़े सियार ने क्या जानकारी दी? [3]

vi) प्रस्तुत कहानी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए। [3]

**Question 8**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :-
निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-

पेड़ झुक झाँकने लगे गरदन उचकाए,
आँधी चली, धूल भागी घाघरा उठाए,
बाँकी चितवन उठा नदी ठिठकी, घूँघट सरकाए।
मेघ आए बड़े बन-ठन के सँवर के।

i) 'पेड़ झुक झाँकने लगे गरदन उचकाए'- पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए। [2]

ii) उपर्युक्त पंक्तियों में 'पेड़', 'धूल' नदी' और मेघ को किस-किस का प्रतीक बताया गया है ? [2]

iii) कौन घूँघट सरकाकर, किसे देखने का प्रयास कर रहा है? [3]

iv) मेघ रूपी मेहमान के आने पर जो परिवर्तन हुए; वे किस संस्कृति को दर्शाते हैं? ऐसा कहाँ होता है? लिखिए। [3]

**Question 9**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :-
निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-

इस विशद विश्व-प्रवाह में
किसको नहीं बहना पड़ा
सुख-दुख हमारी ही तरह
किसको नहीं सहना पड़ा।
फिर व्यर्थ क्यों कहता फिरूँ,
मुझ पर विधाता वाम है।
चलना हमारा काम है।

i) उपर्युक्त पंक्तियों में कवि ने मानव जीवन की किस सच्चाई को उजागर किया है ? [2]

ii) शब्दार्थ लिखिए - i) विशद ii) व्यर्थ iii) विधाता iv) वाम [2]

iii) 'विधाता वाम है' से क्या तात्पर्य है? उपर्युक्त पंक्तियों में भाग्य पर रोने को मनुष्य की किस दुर्बलता की निशानी बताया गया है ? [3]

iv) उपर्युक्त पंक्तियों द्वारा कवि क्या संदेश दे रहे हैं ? [3]

## Question 10

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :-
निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-

चाट रहे जूठी पत्तल वे, कभी सड़क पर खड़े हुए,
और झपट लेने को उनसे कुत्ते भी हैं अड़े हुए।
ठहरो, अहो। मेरे हृदय में है अमृत, मैं सींच दूँगा ।
अभिमन्यु - जैसे हो सकोगे तुम,
तुम्हारे दुख मैं अपने हृदय में खींच लूँगा।

i) 'वे' शब्द का प्रयोग किनके लिए किया गया है ? वे क्या करने के विवश हैं और क्यों ? [2]

ii) 'झपट लेने को उनसे कुत्ते भी हैं अड़े हुए।' - पंक्ति द्वारा कवि क्या स्पष्ट करना चाहते हैं ? [2]

iii) अभिमन्यु के विषय में आप क्या जानते हैं? कवि ने अभिमन्यु का उल्लेख यहाँ पर किस सन्दर्भ में किया है? [3]

iv) भिक्षुक कविता में कवि ने समाज को किस बात के लिए फटकारा है ? [3]